Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 23-03-2005

Participants : Pal Shri Raja Ram

Title: Need to ensure monthly supply of coal to the non-core sector at notified cost.

श्री राजाराम पाल (बिल्हौर) : उपाध्यक्ष महोदय, कोयला मंत्रालय व भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, धनबाद एवं नॉर्थ-ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड द्वारा प्रत्येक माह एक निश्चित मात्रा में ई-नीलामी द्वारा नॉन-कोर सैक्टर को कोयला उपलब्ध कराना होता है, लेकिन फरवरी व मार्च माह की आज की तिथि तक ई-नीलामी द्वारा निर्धारित मात्रा में तथा निर्धारित व नोटीफाइड मूल्य पर कोयला उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। इस कारण खासकर जनपद कानपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में नॉन-कोर सैक्टर के अधीन उद्योग धंधे बन्द होने की स्थिति में आ गए हैं। अगर यह नॉन-कोर सैक्टर उद्योग बन्द हो गया, तो लाखों दिहाड़ी मजदूर सीधे रूप में प्रभावित होंगे। अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि प्रतिमाह निर्धारित व नोटीफाइड मूल्य पर कोयले की आपूर्ति नॉन-कोर सैक्टर को सुनिश्चित कराने का कट करें।